**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4152**
**20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**बिहार में एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत निधि आवंटन**

**4152. श्री प्रदीप कुमार सिंह:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

बिहार के अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का वर्षवार ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) का वित्तपोषण पूर्ण रूप से से मांग आधारित है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनसे प्राप्त वास्तविक मांग के आधार पर निधियां जारी की जाती है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधियों का आवंटन नहीं किया जाता है। इसके अतिरिक्त, निधियां राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की जाती है, परंतु अलग-अलग जिलों को नहीं की जाती है। विगत तीन वर्षों के दौरान एबी-पीएमजेएवाई के तहत बिहार राज्य के लिए जारी और उपयोग की गई निधियों का विवरण इस प्रकार है:

| वित्त वर्ष | जारी निधि (रुपए करोड़ में) | उपयोग की गई निधि (रुपए करोड़ में) |
|---|---|---|
| 2021-22 | 59.77 | 74.37 |
| 2022-23 | 145.51 | 135.25 |
| 2023-24 | 172.5 | 184.43 |
| नोट: वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उपयोग की गई निधियां जारी की गई निधियों से अधिक है क्योंकि विगत वित्तीय वर्षों से अव्ययित निधियों को अग्रेनीत किया गया था। | | |

******